संस्थान के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा आयोजित दिव्यांगों के लिए प्रथम उत्तर- क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया

संस्थान के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा आयोजित दिव्यांगों के लिए प्रथम उत्तर- क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। 10 दिसंबर 2022 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने रंग भवन सभागार, आकाशवाणी भवन, दिल्ली में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दिव्यांगजन अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम "दिव्य कला शक्ति - विटनेसिंग एबिलिटी इन डिसेबिलिटी" में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संगठनों और विभाग के हित धारकों ने दिव्यांग बच्चों और युवाओं के असाधारण प्रदर्शन को देखा।

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान के 10 छात्रों के समूह नितिन, अनूप, तुषार, हरमन, साहिल, नितिन भारद्वाज, राहुल, अजय, पूर्वा और लक्ष्मी ने वहां राम स्तुति पर प्रस्तुति दी। वहीं, छात्रा शिखा ने सेमी क्लासिकल सेगमेंट में व्यक्तिगत प्रदर्शन दिया। दर्शकों ने इन दोनों प्रदर्शनों की सराहना की। संस्थान के कर्मियों का एक समूह श्री आशिमा शर्मा (संगीत शिक्षक), सुश्री रवनीत और श्री विशाल छात्रों के साथ थे।